पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल श्रीमती आनन्दबेन पटेल ने जनपद आजमगढ़ में जनहित से जुड़ी केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

लखनऊ : 23 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज जनपद आजमगढ़ में भ्रमण पर रहीं। जनपद में उन्होंने जनहित से जुड़ी केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा की। जनपदीय अधिकारियों से राज्यपाल जी ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जल जीवन मिशन (ग्रामीण), अमृत मिशन योजना, समग्र शिक्षा योजना, मध्यान्ह भोजन, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अमृत सरोवर, पोषण अभियान की जानकारी ली।

आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा में अभी लगभग 4,80,000 बेनिफिशियरी का गोल्डन कार्ड बनाया जाना है। राज्यपाल जी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि ग्रामवार आशा, आंगनवाड़ी व पंचायत सहायक के माध्यम से सर्वे कराकर प्राथमिकता के आधार पर सभी का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा में राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि लाभार्थियों को जो पैसा मिल रहा है, उसको आशा कार्यकत्रियों के द्वारा चेक कराया जाए और उस पैसे का उपयोग लाभार्थियों के खाने-पीने के लिए करायें।

समग्र शिक्षा योजना की समीक्षा में राज्यपाल जी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर प्राथमिक विद्यालयों में जो कार्य कराए जा रहे हैं, उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराएं एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पेड़-पौधे लगाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को ज्यादा से ज्यादा आच्छादित कराएं एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अभी तक जिन किसानों से रिकवरी बाकी है, उन किसानों से उप कृषि निदेशक जल्द से जल्द वसूली कराएं। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना का लाभ दिलाएं। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया कि कृषि महाविद्यालयों से स्वयं संपर्क करें और जानकारी प्राप्त करें कि कृषि क्षेत्र में क्या नए शोध हो रहे हैं, उसके लिए किसानों का विजिट करवाएं। राज्यपाल जी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की समीक्षा में एलडीएम यूबीआई को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में जिन लाभार्थियों को लोन वितरित किया गया है, उन लाभार्थियों की सक्सेस स्टोरी बनवाएं।

पोषण अभियान की समीक्षा में राज्यपाल जी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि 01 जुलाई से हॉट कुक मील (पका पकाया भोजन) योजना शत प्रतिशत लागू करायें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आंगनवाड़ी केंद्रों पर जो ड्राई राशन वितरण हो रहे हैं, उसका वितरण सुव्यवस्थित तरीके से कराएं।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने 10 क्षय रोगियों के परिजनों को किट/पोटली एवं दान दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्षय रोगियों को किट में 01 किग्रा गुड़, 01 किग्रा भूना चना, 01 किग्रा कच्ची भूंगफली, 01 किग्रा चना सत्तु एवं 01 किग्रा कम्प्लान वितरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण संस्थानों से सम्बद्ध पदाधिकारियों ने स्वेच्छा से आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लिया। राज्यपाल जी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लेने वाले उपरोक्त व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने हेतु किट वितरित की। उक्त किट में ट्राई साईकिल, झूले वाले घोड़े, एबीसीडी सेट, फल खिलौना, पजल्स, बॉल, क्ले (गोलियां बनाने के लिए), रिंग्स, रस्सी, प्ले–बुक, एजुकेशनल मैप, बेबी वजन मशीन, स्टोरी बुक्स, बर्तन (थाली, कटोरी, गिलास, चम्मच), स्टील कन्टेनर (आयतन 3 लीटर), बच्चों की कुर्सी, बच्चों का मेज, कॉपी, कलम, पेन्सिल एवं शार्पनर सम्मिलित है। ये किट आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लेने वाले पदाधिकारियों ने उपलब्ध कराई।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महोदव बोबडे, कुलपति प्रो0 पी0के0 शर्मा, मण्डलायुक्त श्री मनीष चौहान, आईजी श्री अखिलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग आर्य सहित अन्य समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

———————

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

p